# महानिदेशालय कारागार राजस्थान, घाटगेट, जयपुर

क्रमांकः प.2(4)मुख्यालय/02/2024–25/15115-20 दिनांकः 21.06.2024

## खुली बोली दर आमंत्रण सूचना

महानिदेशालय कारागार, राजस्थान घाटगेट, जयपुर में वित्तीय वर्ष 2024–25 में (1वर्ष के लिए) मुख्यालय पर उपलब्ध कम्प्यूटर, प्रिन्टर्स, स्कैनर, यूपीएस, यूपीएस बैटरी, इंटरनेट लाईन, फोटो स्टेट मशीन, वाई–फाई की मरम्मत मय पार्ट्स इंस्टॉलेशन के वार्षिक रख–रखाव किये जाने तथा प्रिन्टर्स एवं फोटोस्टेट मशीनों में टोनर रिफलिंग हेतु दरें बन्द लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्म/बोलीदाताओं द्वारा अपनी दरें निर्धारित बोली प्रपत्र में भरकर दिनांक 01/07/2024 को दोपहर 01.00 बजे तक इस कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। प्राप्त बोली दिनांक 01/07/2024 को अपराह्न 2.00 बजे उपस्थित बोलीदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निवदा की विस्तृत शर्ते एवं उपकरणों की स्थिति कार्यालय समय में देखी जा सकती है तथा कारागार विभाग की वेबसाइट www.home.rajasthan.gov.in एवं एस.पी.पी. पोर्टल पर भी उपलब्ध है। किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने के संबंध में अंतिम निर्णय का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता का होगा।

| क्र. सं. | वस्तु का नाम | अनुमानित राशि रूपये (लाखों में) | बोली प्रतिभूति राशि (2%) | बोली प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कम्प्यूटर, प्रिन्टर्स, स्कैनर, यूपीएस, यूपीएस बैटरी, इंटरनेट लाईन, फोटो स्टेट मशीन, वाई–फाई की मरम्मत मय पार्ट्स इंस्टॉलेशन के वार्षिक रख–रखाव किये जाने तथा प्रिन्टर्स एवं फोटो स्टेट मशीनों में टोनर रिफलिंग हेतु | 05.00 | 10000/– | 500/– |

**UBN No.**

महानिरीक्षक कारागार
राजस्थान जयपुर

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, महानिदेशक कारागार राजस्थान जयपुर।
2. उपापन समिति, अध्यक्ष/सदस्य.......................................।
3. नोटिस बोर्ड मुख्यालय/रेंज कार्यालय/मंड़ल कार्यालय।
4. निदेशक, सूचना एवं जन संपर्क विभाग, राजस्थान जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि खुली प्रतियोगी दर अनुबंध बोली आमंत्रण सूचना का राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 43(6)के अनुसार एक क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्र में न्यूनतम स्पेस एवं अनुमोदित दरों पर न्यूनतम 07 दिवस की अवधि के लिए अविलम्ब प्रकाशन कराने का श्रम करावें।
5. प्रभारी कम्प्यूटर सैल, महानिदेशालय कारागार राजस्थान, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि निविदा को एस.पी.पी. पोर्टल एवं विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशन हेतु।

महानिरीक्षक कारागार
राजस्थान जयपुर

RajKaj Ref
7789930

Signature valid
Digitally signed by Vikram Singh Karnawat
Designation : Inspector General
Date: 2024.06.21 14:26:39 IST
Reason: Approved

<u>प्रपत्र–"ए"</u>

## महानिदेशालय कारागार राजस्थान, घाटगेट, जयपुर

### –: <u>बोली की मुख्य शर्ते</u> :–

1. बोली के साथ बोली प्रतिभूति राशि नियमानुसार डी.डी./बैंकर्स चैक आदि के माध्यम से जमा करानी होगी।
2. अनुबंधकर्ता फर्म को इस कार्य हेतु विभाग के साथ 500/–रूपये के नॉन–ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर अनुबंध करना होगा। वार्षिक व्यय अनुमान की 5% के बराबर राशि कार्य निष्पादन प्रतिभूति राशि के रूप में आदेश प्राप्त होने के 07 (सात) दिवस की अवधि में जमा करानी होगी।बोली प्रतिभूति राशि तथा कार्य संपादन राशि "महानिदेशक एवं महानिरीक्षक कारागार राजस्थान, जयपुर" के पक्ष में डी.डी. /बैकर्स चैक आदि द्वारा जमा करवायी जायेगी।
3. वार्षिक रख–रखाव दर संविदा दिनांक 30.06.2025 तक के लिये होगा जो कि विशेष परिस्थितियों मे नियमानुसार बढ़ाया भी जा सकता है।
4. संलग्न परिशिष्ट "ब" में वर्णित कम्प्यूटर एवं सभी उपकरणों की देख–रेख एवं मरम्मत कार्य मय पार्टस् इंस्टॉलेशन अनुबंध में शामिल होंगे। पार्टस का भुगतान अलग से अनुमोदित दर अनुसार किया जायेगा।
5. टोनर रिफलिंग की क्वालिटी उच्च स्तर की होनी आवश्यक है। रिफलिंग संतोषप्रद नही पाये जाने अथवा मात्रा कम पाये जाने पर बोलीदाता को पुनः रिफलिंग करनी होगी, जिसके लिए विभाग द्वारा अतिरिक्त भुगतान नही किया जायेगा अर्थात गुणात्मक एवं मात्रात्मक पूर्ण हो।
6. प्रत्येक माह में एक बार परिशिष्ट "ब" में वर्णित समस्त उपकरणों की अनिवार्य रूप से सर्विस करनी होगी तथा सर्विस के पश्चात् संबंधित प्रभारी से "समस्त उपकरण सही कार्य रहे का प्रमाण पत्र लेना" अनिवार्य होगा तथा आवश्यकता पड़ने पर विभाग द्वारा बुलाये जाने (दूरभाष/पत्र) पर उसी दिन अथवा अधिकतम अगले दिवस उपस्थित होकर शिकायत का निराकरण करना होगा। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो (अनुबंधकर्ता फर्म से) प्रतिदिन के हिसाब से रूपये 200/– (अक्षरे रूपये दौ सौ मात्र) का जुर्माना वसूल किया जायेगा।
7. नया सामान लगाने की स्थिति में कम्पनी की प्रचलित बाजार दर अथवा फर्म की अनुमोदित दर देय होगी तथा उस सामान का गारंटी कार्ड प्रस्तुत करना अथवा गारंटी समय अंकित करना आवश्यक होगा। सूची के अतिरिक्त कार्य हेतु बाजार दरों के अनुसार कार्य करना होगा।
8. सर्विस एवं अन्य संबंधित कार्यो के लिए उपस्थित होने पर कार्यालय भण्ड़ारपाल के पास उपलब्ध पंजिका में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी।
9. कार्य उपरान्त प्रस्तुत बिलों का भुगतान बजट उपलब्धता पर, कोषालय से पारित होने पर किया जावेगा। वार्षिक रख–रखाव की राशि का भुगतान 4 किश्तों में प्रत्येक त्रैमासिक अवधि समाप्ति पर कार्य संतोष जनक पाये जाने पर बिल प्रस्तुत करने पर किया जावेगा।

RajKaj Ref
7789930

Signature valid
Digitally signed by Vikram Singh Karnawat
Designation : Inspector General
Date: 2024.06.21 14:26:39 IST
Reason: Approved

10. अनुबंधकर्ता फर्म को बिल के साथ समस्त ओ.के. कॉल रिपोर्टस संलग्न करनी होगी।
11. अनुबंधकर्ता फर्म द्वारा संतोषप्रद रूप से कार्य नहीं करने पर उनके द्वारा जमा करायी गयी सुरक्षित राशि जब्त करते हुए, उनकी रिस्क एवं कोस्ट पर अन्य फर्म से कार्य करवा लिया जायेगा।
12. कार्यालय के समस्त कम्प्यूटर्स में साफ्टवेयर को दुरूस्त/अपडेट करने का कार्य वार्षिक रख–रखाव में सम्मिलित होगा। माह में कम से कम एक बार कम्प्यूटर्स/प्रिन्टर्स की कार्य करने की क्षमता को देखते हुए अपडेट करना होगा।
13. अनुबंधकर्ता फर्म द्वारा कम्प्यूटर, प्रिन्टर्स, स्केनर, यूपीएस, यूपीएस बैटरी, फैक्स मशीन, इंटरनेट लाईन, फोटो स्टेट मशीन, वाई–फाई इत्यादि की मरम्मत करने के उपरान्त यदि कोई पार्ट्स बदला जाता है तो बदले गये संबंधित पार्ट्स को भण्ड़ारपाल को जमा करवाना होगा।
14. बोली के साथ बोली दस्तावेज के समस्त पत्रादि यथा शर्ते, प्रपत्र "ए" परिशिष्ट "अ(i)(ii)" "ब" "स" "द" व एनेक्चर "A" "B" "C" "D" आदि हस्ताक्षर मय मोहर संलग्न प्रस्तुत करने होगें।
15. अनुबंधकर्ता फर्म द्वारा संतोषप्रद रूप से कार्य नहीं करने पर अनुबंध कभी भी निरस्त किया जा सकेगा।
16. बोलीदाता की कोई भी शर्त मान्य नहीं होगी।
17. जिस फर्म की दरें अधिकतम आईटम की L1 प्राप्त होती है उसे पूर्ण कार्य का नेगोसियशन द्वारा कार्य दिया जा सकेगा।
18. कार्य/पार्टस के आंशिक कार्य के कार्यादेश जारी नहीं किये जायेगें।
19. उक्त शर्तों के अतिरिक्त आरटीपीपी एक्ट 2012 व नियम 2013 की शर्ते लागू होंगी।
20. निविदा में भाग लेने वाले बोलीदाता को तकनीकी प्रपत्र तथा वित्तीय प्रपत्र अलग–अलग लिफाफे में रखकर बडे लिफाफे में सील–बंद कर प्रस्तुत किये जायेंगें।
21. वित्तीय प्रपत्र में ही दरें भरी जावेगी अन्य प्रपत्र मान्य नहीं होगा।
22. दरें समस्त कर सहित देनी होगी।
23. भ्रमित करने वाली दरें अमान्य होगी।
24. निविदा प्रस्तुत करने/खोलने की अंतिम तिथी को यदि अवकाश घोषित होता है तो, अगले कार्य दिवस में प्राप्त/खोली जावेगी।
25. सूची के अतिरिक्त नवीन कम्प्यूटर्स/प्रिन्टर्स कार्यालय में आने पर उनके रख–रखाव का कार्य भी अनुबंध में सम्मलित होगा।
26. अनुबंधित फर्म द्वारा कार्य की गुणवत्ता उच्च्य स्तरीय होनी चाहिए। कार्य की गुणवत्ता में कमी होने पर लिखित नोटिस जारी किया जायेगा तथा 3 लिखित नोटिस उपरान्त भी कार्य में अपेक्षित सुधार नहीं होने की स्थिति में अनुबंध समाप्त करने, ब्लैक लिस्ट करने तथा प्रतिवंचित किये जाने की कार्यवाही की जा सकेगी।
27. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के तहत प्रथम अपील अधिकारी महानिदेशक कारागार, राजस्थान, जयपुर होंगे एवं द्वितीय अपील अधिकारी अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव, गृह विभाग, राजस्थान, जयपुर होंगे।

बोलीदाता के हस्ताक्षर

RajKaj Ref
7789930

Signature valid

Digitally signed by Vikram Singh Karnawat
Designation : Inspector General
Date: 2024.06.21 14:26:39 IST
Reason: Approved

परिशिष्ट "अ"(i)

# Technical Bid Form

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Bidder | |
| 2 | Address of Bidder With Mobile/Tel.No/Email | |
| 3 | Bid fee<br>• Bid document fee | Enclosed-DD/BC No ................. For Rs. 500.00 |
| | • Bid Security Amount | Enclosed-DD/BC No ............................... Date............... |
| 4 | Registration Certificate (if applicable) | Enclosed on Page No. ............................ |
| 5 | Legal Entity Document (any one) | Enclosed on Page No. ............................ |
| 6 | Financial Turnover Certificate | Enclosed on Page No. ............................ |
| 7 | Technical Capability Experience | Enclosed on Page No. ............................ |
| 8 | i. GST Registration<br>ii. Pan No.<br>(Self-Attested Copy) | Enclosed on Page No. ............................ |
| | | Enclosed on Page No. ............................ |
| 9 | Technical Specifications (if applicable) | Compliance sheet for all items only on letter-head |
| 10 | Undertaking- | Self -declaration Page No........................ |

परिशिष्ट "अ"(ii) के अनुसार पूर्ति करे।

Seal & Signature of Bidder

RajKaj Ref
7789930

Signature valid
Digitally signed by Vikram Singh Karnawat
Designation : Inspector General
Date: 2024.06.21 14:26:39 IST
Reason: Approved

# Eligibility/ Technical Qualification Criteria

(a) A bidder ( Service provider, authorized agencies are eligible to participate in the bidding process) participating in the procurement process shall possess the following minimum qualification/ eligibility criteria.

| S.No | Basic requirement | Detail | Documents required |
|---|---|---|---|
| 1 | Legal Entity | Bidder should be:-<br>1. A proprietorship firm duly registered either under the rajasthan Shops & Commerical Estabishments act, 1958 or any other act of state/ Union, as applicable for dealing in the subject,matter of procurement<br>OR<br>2. A company registered under Indian Companies Act,1956<br>OR<br>3.A partnership firm registered under Indian Partnership Act,1932<br>OR<br>4.A Firm/Company registered under the L.L.P Act 2008 | Copy of valid Certificates |
| 2 | Financial Turnover | Bidder should have a minimum average annual turnover of Rs 5.00 lac for the last three finanical years as per audited balance sheets,i.e., for the period of FY 2021-22 to 2023-24 | Attach Copies for relevent document |
| 3. | Technical Capability & Experience | The bidder must have successfully completed similar type assignments valuing Rs 5.00 lacs during the last three years from FY 2021-22 to FY 2023-24 | Copy of work order |
| 4. | Tax registration | The bidder should have a registered number<br>i. GST Registration where his business is located<br>ii. PAN No........................................ | Copies of relevent certificates of registration number |
| 5. | Bid Security Deposit | Bid Security Fee: Amount (INR) INR .............................. for General, INR .......................... for S.S.I. ( should be located in rajasthan and registered in Department of Industries, GoR) of Rajasthan, INR .................. for Sick Industries. Other than S.S.I., whose cases are pending with Board of Industrial & Financial Reconstruction (as per rule) | D.D./B.C. No. Bank: Date Certificate of Registration if applicable |

RajKaj Ref
7789930

Signature valid

Digitally signed by Vikram Singh Karnawat
Designation : Inspector General
Date: 2024.06.21 14:26:39 IST
Reason: Approved

**No Over writing**

**परिशिष्ट "ब"**

# कार्यालय महानिदेशालय कारागार राजस्थान, जयपुर

निविदा – प्रपत्र (वित्तीय बिड)

कार्य का विवरणः–

**महानिदेशालय कारागार, राजस्थान घाटगेट, जयपुर पर उपलब्ध कम्प्यूटर, प्रिन्टर्स, स्केनर, यूपीएस, यूपीएस बैटरी, इंटरनेट लाईन, फोटो स्टेट मशीन, वाई–फाई की मरम्मत मय पार्ट्स एवं वार्षिक रख–रखाव किये जाने तथा प्रिन्टर्स एवं फोटोस्टेट मशीन में टोनर रिफलिंग हेतु वित्तीय निविदा प्रपत्र**

बोलीदाता फर्म का नाम व पूर्ण पता :–.............................................................................................................................................

..........................................................................................दूरभाष संख्या............................................................ मोबाईल नं.............................................

| (FORMAT FOR PRICE QUOTATION) | | | |
|---|---|---|---|
| **A.** | **PRINTERS Toner Refiling** | | |
| | **NAME OF PRINTER** | **Rate of Refiling Per Cartage in Figures** | **Rate of Refiling Per Cartage in words** |
| 1. | HP LASERJET 1505 | | |
| 2. | HP Laserjet Pro 400M401dn | | |
| 3. | HP Laserjet Pro MFP128fw | | |
| 4. | HP Laserjet 1007/1536DNF | | |
| 5. | Canon LBP6200d | | |
| 6. | HP Colour 1025 Printer | | |
| 7. | Photo State Machine Sharp | | |
| 8. | Canon Imageclass MF 244DW | | |
| 9. | PHOTO STATE KYOCERa Taskalfa 2321 | | |
| 10. | Brother 7535 DW | | |
| 11. | Kyocera M2040 DN | | |

RajKaj Ref 7789930

Signature valid
Digitally signed by Vikram Singh Karnawat
Designation : Inspector General
Date: 2024.06.21 14:26:39 IST
Reason: Approved

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12. | HP Laserjet Pro M 227 | | |
| 13. | HP Laserjet 1008 | | |
| 14. | HP Color Laserjet pro M 454 DW | | |
| **B.** | **PRINTER PARTS** | **Rate of Per Parts/Unit in Figures** | **Rate of Per Parts/Unit in words** |
| 1. | TAFLOAN | | |
| 2. | PRINTER HEAD | | |
| 3. | PAPER PICKUP ROLLER | | |
| 4. | PRESSUR ROLLER | | |
| 5. | GEAR | | |
| 6. | FUSER | | |
| 7 | SCANNING UNIT | | |
| 8 | CCD | | |
| 9 | LOGIC CARD | | |
| **C.** | **TONER PARTS** | **Rate of Per Parts/Unit in Figures** | **Rate of Per Parts/Unit in words** |
| 1. | DOCTOR BLADE | | |
| 2. | WIPER BLADE | | |
| 3. | PCR | | |
| 4. | DRUM | | |
| 5. | MAGNATE ROD | | |
| 6. | CHIP | | |
| 7. | COLOR PRINTER CHIP HP COLOR 454DW | | |
| **D.** | **PHOTO STATE MACHINE PARTS** | **Rate of Per Parts/Unit in Figures** | **Rate of Per Parts/Unit in words** |
| 1. | BLADE | | |
| 2. | DRUM | | |
| 3. | CHIP | | |
| 4. | PCR | | |
| 5. | MAGNET ROLLER | | |

| **E.** | **COMPUTER/CPU PARTS** | BRAND | **Rate of Per Parts/ Unit in Figures** | **Rate of Per Parts/ Unit in words** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | RAM 4GB DDR4 | Hynix | | |
| | | ADATA | | |
| | | CRUCIAL | | |
| 2. | KEYBOARD- USB | Dell | | |
| | | HP | | |

RajKaj Ref
7789930

Signature valid
Digitally signed by Vikram Singh Karnawat
Designation : Inspector General
Date: 2024.06.21 14:26:39 IST
Reason: Approved

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | LOGITECH | | |
| | | TVS GOLD | | |
| 3. | MOUSE USB | Dell | | |
| | | HP | | |
| | | LOGITECH | | |
| 4. | DVD WRITER | SAMSUNG | | |
| | | LG | | |
| 5. | HARD DISK SATA 1TB | CONSISTANT | | |
| | | SEAGATE | | |
| | | WD | | |
| 6. | SECURITY ANTIVIRUS 10 User/3 YEAR | QUICK HEAL TOTAL SECURITY | | |
| | | K-7 TOTAL SECURITY | | |
| | | NPAV | | |
| 7. | SECURITY ANTIVIRUS 1 User/3 YEAR | QUICK HEAL | | |
| | | K-7 TOTAL SECURITY | | |
| | | NPAV | | |
| 8. | VGA/POWER CABLE | Branded | | |
| 9. | Printer Cable | Branded | | |
| 10. | SSD 512 GB | ADATA | | |
| | | WD | | |
| | | CRUCIAL | | |
| **F** | **WINDOWS** | **Rate of Per Parts/Unit in Figures** | **Rate of Per Parts/Unit in words** | |
| | **WINDOWS 10 PURCHASE & INSTALLATION** | | | |
| | **WINDOWS 11 PURCHASE & INSTALLATION** | | | |
| **G.** | **INTERNET LINE/CABLE** | **Rate of Per Parts/Unit in Figures** | **Rate of Per Parts/Unit in words** | |
| 1 | DLINK / DIGISOL CAT 5 (Per Meter) | | | |
| 2 | DLINK / DIGISOL CAT6 (Per Meter) | | | |
| **H.** | **CARTREDGE (Compatible)** | **Rate of Per Parts/Unit in Figures** | **Rate of Per Parts/Unit in words** | |
| 1 | 88A | | | |

RajKaj Ref
7789930

Signature valid

Digitally signed by Vikram Singh Karnawat
Designation : Inspector General
Date: 2024.06.21 14:26:39 IST
Reason: Approved

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 36A | | |
| 3 | 78A | | |
| 4 | 80A | | |
| 5 | 325 STARTER | | |
| 6 | 32A | | |
| 7 | 30A | | |
| 8 | 337 CANON | | |
| 9 | B021 DRUM UNIT | | |
| 10 | B021 TONER | | |
| **I.** | **UPS BATTERY** | **Rate of Per Parts/Unit in Figures** | **Rate of Per Parts/Unit in words** |
| 1. | Keptron 700 KV | | |
| 2. | 3KVA UPS SYSTEM | | |
| 3. | 800 KVA Capacity | | |
| 4. | UPS 12 Volt 26 AH MSF | | |
| 5. | UPS 2 KVA | | |

| | | |
|---|---|---|
| **RATE OF AMC ITEMS (Items No. J to Q)** COMPUTER, LAPTOP, PRINTER, UPS SCANNER, PHOTO STATE MACHINE SHARP, PHOTO STATE KYOCERA, WIFI & NETWORKING | **Rate of Per Parts/Unit in Figures** | **Rate of Per Parts/Unit in words** |
| | | |

**मुख्यालय कारागार पर उपलब्ध कम्प्यूटर, प्रिन्टर्स, फॉटो स्टेट मशीन एवं अन्य सामग्री का विवरण**

| Sr. No. | Item Name | Qty. |
|---|---|---|
| **J.** | **COMPUTER** | 46 |
| **K.** | **LAPTOP DELL/ ACER** | 08 |
| **L.** | **PRINTERS** | |
| 1. | HP LASERJET 1505 | 10 |
| 2. | HP Laserjet Pro 400M401dn | 09 |
| 3. | HP Laserjet Pro MFP128fw | 18 |
| 4. | HP Laserjet Pro MFP1536 | 01 |
| 5. | HP Laserjet Pro MFPM227 | 02 |
| 6. | HP Laserjet 1007/1522 | 02 |
| 7. | Canon LBP6200d | 02 |
| 8. | Colour Printer | 03 |
| 9. | Multi Function Printer | 18 |
| 10. | Brother 7535 DW | 04 |
| 11. | Kyocera M2040 DN | 02 |

RajKaj Ref 7789930

Signature valid

Digitally signed by Vikram Singh Karnawat
Designation : Inspector General
Date: 2024.06.21 14:26:39 IST
Reason: Approved

| | | |
|---|---|---|
| 12. | HP Laserjet Pro M 227 | 02 |
| 13. | HP Laserjet 1008 | 01 |
| 14. | HP Color Laserjet pro M 454 DW | 01 |
| 15. | HP Color Laserjet M 208 DW | 01 |
| **M.** | **SCANNER** | 03 |
| **N.** | **UPS :** | |
| 1. | Keptron 700 KV | 06 |
| 2. | 3KVA UPS SYSTEM | 01 |
| 3. | 800 KVA Capacity | 06 |
| 4. | UPS 12 Volt 26 AH MSF | 03 |
| 5. | UPS 2 KVA | 18 |
| **O.** | **PHOTO STATE MACHINE SHARP** | 02 |
| **P.** | **PHOTO STATE KYOCERa** | 01 |
| **Q.** | **WIFI & NETWORKING** | - |

बोलीदाता के
हस्ताक्षर मय मोहर

RajKaj Ref
7789930

Signature valid
Digitally signed by Vikram Singh Karnawat
Designation : Inspector General
Date: 2024.06.21 14:26:39 IST
Reason: Approved

# महानिदेशालय कारागार राजस्थान जयपुर

## परिशिष्ट–"स"

### खुली प्रतियोगी बोली के लिए बोली एवं संविदा की सामान्य शर्ते

**नोटः–** बोलीदाताओं को इन शर्तों को सावधानीपूर्वक पढना चाहिये।

1. **बोली भरने की प्रक्रियाः–** बोली सूचना में दी गई मुख्य शर्तो में अंकित है जिसकी पूर्ण पालना आवश्यक है ।

2. **राजस्थान में स्थापित सूक्ष्म एवं लघु उद्यम ईकाई हेतुः–**

(i) वित्त विभाग राजस्थान सरकार के नोटिफिकेशन दिनांक 19.11.2015 के बिन्दु संख्या 2 के अनुसार "सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006" के अधीन वर्गीकृत और राजस्थान में स्थित तथा उद्योग विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त "सूक्ष्म" एवं "लघु" उद्यम से क्रय किये जाने के लिए आरक्षित है। आरक्षित उद्यम के अतिरिक्त अन्य बोलीदाता द्वारा बोली प्रस्तुत किये जाने पर आरक्षित उद्यम को प्राथमिकता प्रदान की जावेगी। आरक्षित उद्यम से भिन्न बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत बोली की दर का नियमानुसार अनुमोदन किया जावेगा।

(ii) किसी भी आइटम की बोली प्रस्तुत करने के लिए राजस्थान राज्य में पंजीकृत वे फर्मे पात्र मानी जावेगी जिन्हें सूक्ष्म एवं लघु उद्यम के रूप मे बोली जमा कराने की अंतिम तिथि से पूर्व उद्यमिता ज्ञापन II अभिस्वीकृति अथवा उद्योग आधार मेमोरेण्डम प्राप्त कर लिया हो।

(iii) राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के तहत् वित्त विभाग राजस्थान द्वारा जारी नोटिफिकेशन दिनांक 19.11.2015 के बिन्दु संख्या 8 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी उद्यमी ज्ञापन–II/उद्योग आधार ज्ञापन की अभिस्वीकृति रखने वाले तथा स्वयं द्वारा अनुप्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करने पर राज्य के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए बोली दस्तावेज, प्रपत्र शुल्क के 50 प्रतिशत पर, देय होगी।

(iv) वित्त विभाग राजस्थान सरकार के गजट नोटिफिकेशन दिनांक 19.11.15 के नियम 12 की पालना मे विभागीय कमेटी द्वारा राजस्थान राज्य की सूक्ष्म एवं लघु उद्यम इकाई की उत्पादन क्षमता के बारे में और किस्म नियंत्रण के उपाय स्थापित है, के समाधान हेतु उत्पादन इकाई का निरीक्षण किया जा सकेगा।

(v) वित्त विभाग राजस्थान सरकार के गजट नोटिफिकेशन दिनांक 19.11.15 के नियम 11 के अनुसार बोलीदाता द्वारा बोली दस्तावेज के साथ प्रारूप "ख" में शपथ पत्र (Affidavit) प्रस्तुत करना होगा। शपथ पत्र का रूप विधान बोली दस्तावेज के संलग्न है।

(vi) वित्त विभाग राजस्थान द्वारा जारी नोटिफिकेशन दिनांक 19.11.2015 के बिन्दु संख्या 4 के अनुसार अनुसूची में सम्मिलित नही की गई वस्तुओं के लिए स्थानीय उद्यमों को कीमत व क्रय अधिमानता प्रदान की जायेगी। उक्त अधिमानता चाहने के क्रम में स्थानीय उद्यम बोलीदाता द्वारा बिन्दु संख्या 10 अनुसार प्रारूप 'क' मय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

3. (i) फर्म आदि के गठन में किसी भी परिवर्तन की सूचना "महानिदेशक एवं महानिरीक्षक कारागार, राजस्थान जयपुर" को लिखित में बोलीदाता द्वारा दी जाएगी तथा इस परिवर्तन से संविदा के अधीन किसी भी दायित्व से फर्म के पहले के सदस्य/सदस्यों को मुक्त नही किया जाएगा।

(ii) संविदा के संबंध में फर्म में किसी भी नये भागीदार/भागीदारों को बोलीदाता द्वारा फर्म में तब तक स्वीकार नही किया जाएगा जब तक कि वे इसकी समस्त शर्तो को मानने के लिए लिखित रूप से बाध्य नही हो जाते एवं "महानिदेशक एवं महानिरीक्षक कारागार, राजस्थान जयपुर" को इस संबंध में लिखित इकरारनामा प्रस्तुत नही कर देते। प्राप्ति स्वीकृति के लिए ठेकेदार की रसीद या बाद में उपरोक्त रूप से स्वीकार की गई किसी भागीदार की रसीद उन सबकों बाध्य करेगी तथा संविदा के किसी प्रयोजन के लिए वह पर्याप्त रूप से उन्मुक्ति (डिस्चार्ज) होगी।

4. **जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र (GST Registration Certificate) :–**

RajKaj Ref
7789930

Signature valid
Digitally signed by Vikram Singh Karnawat
Designation : Inspector General
Date: 2024.06.21 14:26:39 IST
Reason: Approved

(i) कोई भी बोलीदाता जो जीएसटी के अन्तर्गत पंजीकृत नही है, वह बोली नही दे सकेगा। बोलीदाता द्वारा पंजीयन संख्या का उल्लेख किया जाऐगा। प्रमाण–पत्र की प्रति प्रस्तुत करना होगा।

5. बोलीदाता बोली एवं बोली की समस्त शर्तो पर अपने हस्ताक्षर उपरान्त साथ प्रस्तुत करें। यदि बोलीदाता द्वारा उक्तानुसार हस्ताक्षर करके प्रस्तुत नहीं किया गया है तो बोली निरस्त कर दी जावेगी।

6. **दरे :–**

(i) बोली में दरे शब्दो एवं अंको दोनो रूप में लिखी जावेंगी। इसमें कोई त्रुटि (Errors) एवं उपरिलेखन (Overwriting) नही होना चाहिये। यदि कोई शुद्धि करनी हो तो स्पष्ट रूप से की जानी चाहिये एवं दिनांक सहित उन पर लघु हस्ताक्षर किये जाने चाहिए।

(ii) बोली मूल्याकंन समिति निम्नलिखित आधार पर सारभूत रूप से प्रत्युत्तरदायी बोलियों में अंकगणितीय त्रुटियों का सुधार करेगी :–

(क) ईकाई मूल्य (Unite Price) और कुल मूल्य (Total Price) जो ईकाई मूल्य और मात्रा को गुणा करने पर प्राप्त होता है, के मध्य यदि कोई विसंगति हो तो ईकाई मूल्य प्रभावी (Prevail) होगा। अर्थात ईकाई मूल्य स्वीकार किया जावेगा और कुल मूल्य में सुधार किया जावेगा। जब तक कि बोली मूल्याकंन समिति की राय में ईकाई मूल्य में दशमलव बिन्दु की स्थिति में स्पष्ट गलती रह गई है, ऐसे मामलों में उत्कथित कुल मूल्य प्रभावी होगा और ईकाई मूल्य में सुधार किया जावेगा।

(ख) यदि योग के घटकों को जोड़ने या घटाने के कारण योग में त्रुटि रह गयी है तो घ टक (Sub Total) प्रभावी (Prevail) होंगे और कुल योग में सुधार किया जावेगा।

(ग) यदि शब्दों और अंको के मध्य कोई विसंगति है तो शब्दों में व्यक्त की गई रकम तब तक प्रभावी होगी जब तक कि शब्दों में अभिव्यक्त रकम कोई अंकगणितीय त्रुटि से संबंधित न हो।

ऐसे मामलों में उपर्युक्त खण्ड (क) और (ख) के अध्यधीन न रहते हुए अंको में अभिव्यक्त रकम प्रभावी होगी।

(iii) बोली में दर अंकित करते समय मय GST दर अंकित की जावे। अस्पष्ट वाक्य, जैसे "टैक्स पैड" "कर सहित" "एज एप्लीकेबल" का प्रयोग नहीं किया जावे। टैक्स में रियायत मिली हुई है तो इस बात का स्पष्ट उल्लेख करें एवं इसका प्रमाण भी प्रस्तुत करे। यदि सरकार द्वारा GST में कालान्तर में बढोतरी या कमी की जाती है तो उसी के अनुसार भुगतान किया जावेगा।

(iv) बोली में दरें परिशिष्ट "ब" के अनुसार गन्तव्य स्थान तक एफ.ओ.आर. अंकित की जानी चाहिये तथा उसमें जीएसटी के अलावा समस्त प्रकार के टैक्स एवं आनुषंगिक (Incidental) प्रभारों को शामिल करना चाहिये। राज्य सरकार द्वारा कोई गाडी भाडा या परिवहन प्रभार नहीं दिया जाएगा तथा माल की सुपुर्दगी महानिदेशालय कारागार राजस्थान घाटगेट जयपुर के भण्ड़ार में दी जाऐगी।

(v) बोली में दर अंकित करते समय किसी भी प्रकार की रिबेट/छूट घटाकर शुद्ध दरें (NET) ही दी जावे।

(vi) सप्लाई के समय अग्रिम भुगतान की शर्त स्वीकार्य नही होगी। अतः बोली में दर अंकित करते समय अग्रिम भुगतान की शर्त नही दी जावे। यदि अग्रिम भुगतान की शर्त लगाई जाती है तो सशर्त बोली मानकर निरस्त कर दी जावेगी।

(vii) सप्लाई के समय माल प्राप्त होने पर निरीक्षण उपरान्त माल विभागीय स्पेशिफिकेशन के अनुसार पाये जाने पर यथाशीघ्र बजट उपलब्धता पर भुगतान कर दिया जावेगा। अतः बोली में दर अंकित करते समय माल की सप्लाई के पूर्ण करने पर भुगतान हेतु समय सीमा की शर्त अंकित नही की जावे। यदि भुगतान हेतु समय सीमा अंकित की जावेगी तो सशर्त बोली मानकर निरस्त की जा सकेगी।

(viii) विभागीय सप्लाई अवधि के अनुसार ही बोली में दरें अंकित की जावें। विभागीय सप्लाई अवधि के अनुसार नही दी गई दरें अमान्य होगीं व बोली निरस्त की जा सकेगी ।

RajKaj Ref
7789930

Signature valid
Digitally signed by Vikram Singh Karnawat
Designation : Inspector General
Date: 2024.06.21 14:26:39 IST
Reason: Approved

(ix) बोली दरें खुलने के पश्चात यदि कोई बोलीदाता अपने आप दर में कमी करता है तो वह प्रस्तावों में उपान्तरण माना जावेगा। जिसके कारण उसकी बोली निरस्त कर बोली प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जावेगी।

(x) बोलीदाता द्वारा बोली आमंत्रण में अंकित पूर्ण मात्रा हेतु बोली दी जावेगी। बोली आमंत्रण में अंकित मात्रा से कम मात्रा हेतु दी गई बोली मान्य नही होगी। जिसके आधार पर बोली निरस्त कर दी जावेगी।

(xi) किसी आईटम की विभिन्न साईज है तो प्राईस बिड में सभी साईज की एक ही दर अंकित की जावे ।यदि विभिन्न साईज की अलग–अलग दरें अंकित की जावेगी तो उसकी बोली अमान्य की जावेगी।

**7. बातचीत (Negotiation) :–**

(i) जहाँ तक संभव हो बोलीदाताओं से कोई बातचीत (Negotiation) नही की जावेगी, किन्तु निम्न परिस्थितियों में केवल न्यूनतम या अधिकतम लाभप्रद बोली लगाने वाले से बातचीत की जा सकेगी:–

(क) जब बोली लगाने वालों के द्वारा मिलकर समूह कीमतें (Ring Price) दी गई हो या

(ख) जब प्रस्तुत दर एवं प्रचलित बाजार दरों में भारी अन्तर हो।

(ii) न्यूनतम या सर्वाधिक लाभप्रद बोली लगाने वाले को बातचीत (Negotiation) के लिए बुलाने के लिए न्यूनतम 7 दिवस का समय दिया जावेगा। किन्तु अत्यावश्यकता की स्थिति में मूल्याकंन समिति उक्त समय सीमा को कम कर सकेगी, बशर्ते न्यूनतम या सर्वाधिक लाभप्रद बोली लगाने वाले को सूचना प्राप्त हो गई हो।

**8. बोली की विधि मान्यता:–**

दरों की वैद्यता बिड खुलने की तिथि से 90 दिन की अवधि के लिए विधि मान्य होगी। निर्धारित विधि मान्यता की अवधि से कम अवधि के लिए कोई बोली गैर प्रत्युत्तरदायी (Non-Responsive bid) के रूप में मानकर अस्वीकार कर दी जावेगी।

9 अनुमोदित सप्लायर के लिए यह समझा जायेगा कि उसने प्रदाय की जाने वाली वस्तुओं की दशा, स्पेसिफिकेशन, साईज, मेक एवं ड्राईग आदि की सावधानी पूर्वक जांच कर ली है। यदि उसे इन शर्तो के किसी भाग, स्पेशिफिकेशन, ड्राईग आदि के आशय के बारे में कोई सन्देह हो तो वह बोली प्रस्तुत करने से पूर्व अपना आवेदन ''महानिदेशक एवं महानिरीक्षक कारागार, राजस्थान जयपुर'' को भेजेगा तथा उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करेगा।

10. बोलीदाता अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य एजेन्सी के लिए नहीं सौपेगा या उप भाडे (Sub-let) पर नहीं देगा।

**11. स्पेसिफिकेशन:–**

(i) प्रदाय की जाने वाली सभी वस्तुए बोली एवं बोली शर्तो से संबंधित परिशिष्ट ''ब'' में निर्धारित स्पेसिफिकेशन/ट्रेडमार्क के पूर्णतया अनुरूप होगी। ऐसे मामलो मे जहाँ कोई स्टैण्डर्ड या स्पेसिफिकेशन नहीं हो, उस स्थिति में सप्लायर द्वारा भारत में उपलब्ध अति–उत्तम गुणवता एवं विवरण की वस्तु सप्लाई की जावेगी। प्रदाय की गई वस्तुओ की गुणवत्ता एवं स्पेसिफिकेशन के संबंध में ''महानिदेशक एवं महानिरीक्षक कारागार राजस्थान, जयपुर'' का निर्णय अंतिम होगा तथा लिया गया निर्णय बोलीदाताओं के लिए अंतिम एंव मान्य होगा।

(ii) यदि प्रदाय की जाने वाली वस्तुऐ निर्धारित स्तर के अभाव में अस्वीकार कर दी जाती है, तो अस्वीकृत माल के बदले निर्धारित स्तर की वस्तु देने की समस्त जिम्मेदारी बोलीदाताओं की होगी तथा बोलीदाताओं को अस्वीकृत किये माल के बदले निर्धारित स्तर का माल बिना अतिरिक्त कीमत के क्रय आदेश में निर्धारित सप्लाई अवधि में ही देना होगा।

(iii) अस्वीकृत किया गया माल बोलीदाताओं द्वारा अस्वीकृति की सूचना के 15 दिन के अन्दर विभागीय परिसर से वापिस ले जाना होगा। 15 योम के पश्चात् विभागीय परिसर से माल नही ले जाने पर विभाग द्वारा निर्धारित भण्डारण व्यय बोलीदाता से वसूली जावेगी। माल अस्वीकृत होने की सूचना के 30 योम पश्चात बोलीदाताओ द्वारा विभागीय परिसर से माल नही ले जाने पर विभाग को उसका निस्तारण करने हेतु पूर्ण अधिकार होगा। अस्वीकृत माल के संबंध में यथोचित सुरक्षा रखी जावेगी, लेकिन

RajKaj Ref
7789930

Signature valid
Digitally signed by Vikram Singh Karnawat
Designation : Inspector General
Date: 2024.06.21 14:26:39 IST
Reason: Approved

विभागीय परिसर में ऐसे अस्वीकृत माल की क्षति, कमी, घाटा, नाश, टूट, फूट, हानि होने पर विभाग किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नही होगा।

(iv) बोलीदाता द्वारा अंकित स्पेसिफिकेशन के अनुसार ही बोली प्रस्तुत की जावेगी, जिसमें 05 प्रतिशत तक टोलरेन्स स्वीकार्य है। अन्य स्पेसिफिकेशन के आधार पर प्रस्तुत बोली निरस्त कर दी जावेगी।

12. **<u>निरीक्षण एवं परीक्षण</u>** :–

(i) (A) ''महानिदेशक एवं महानिरीक्षक कारागार, राजस्थान जयपुर'' या उसका विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि सभी युक्तियुक्त उचित समयों पर सप्लायर के परिसर में जा सकेगा तथा वह संबंधित वस्तु के विनिर्माण के समय या उसके पश्चात जैसा भी निश्चित किया जाऐगा, माल/आइटम सामग्री का निरीक्षण एवं जांच कर सकेगा ।

(B) वित्त विभाग राजस्थान सरकार के गजट नोटिफिकेशन दिनांक 19.11.15 के नियम 12 की पालना मे विभागीय कमेटी द्वारा राजस्थान राज्य की सूक्ष्म एवं लघु उद्यम इकाई की उत्पादन क्षमता के बारे में और किस्म नियंत्रण के उपाय स्थापित है, के समाधान हेतु उत्पादन इकाई का निरीक्षण किया जा सकेगा।

(ii) बोलीदाता अपने कार्यालय के परिसर, गोदाम, वर्कशाप का पूर्ण पता देगा जहां सप्लाई होने वाले माल का निरीक्षण किया जा सके तथा उन व्यक्तियो के नाम व पते देगा जिनसे इस संबंध में सम्पर्क किया जावे।

(iii) सप्लाई प्राप्ति के समय यह सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण व जांच की जावेगी कि वे निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अनुरूप है या नही। जहाँ आवश्यक हो, प्रावधित किया गया हो या व्यवहारिक हो, वहाँ परीक्षण सरकारी प्रयोगशालाओ/प्रतिष्ठित परीक्षण गृहो में करवाया जावेगा तथा परीक्षण पर यदि सामान विहित स्पेसिफिकेशन के स्तर के अनुरूप पाया जाऐगा तो उन्हे स्वीकार किया जाएगा।

(iv) परीक्षण प्रभारः– बोलीदाता से सामान प्राप्त होने पर विभाग द्वारा जिस सामान का परीक्षण कराया जायेगा उसके परीक्षण प्रभार सरकार द्वारा वहन किये जावेंगे । यदि परीक्षण परिणामों से यह ज्ञात हो कि सप्लाई किया गया समान विहित स्तर या स्पेसिफिकेशन के अनुसार नही है तो, परीक्षण प्रभार बोलीदाता द्वारा वहन किये जावेंगे।

(v) निरीक्षण प्रभारः– विभाग द्वारा जिन वस्तुओ की प्रदायगी सरकारी प्रयोगशाला/प्रतिष्ठित निरीक्षण गृहो से निरीक्षण (Inspection) उपरान्त ही प्राप्त की जावेगी,, उन वस्तुओं का निरीक्षण बोलीदाता द्वारा कराये जाने पर निरीक्षण की एवज में देय निरीक्षण प्रभार की राशि का भुगतान विभाग द्वारा किया जावेगा इस हेतु बोलीदाता को सरकारी प्रयोगशाला/अनुमोदित निरीक्षण गृहो में जमा कराई गई राशि की रसीद प्रस्तुत करनी होगी

(vi) रद्द करना (Rejection):– निरीक्षण या परीक्षण के दौरान जो वस्तुऐ अनुमोदित नहीं की जाऐगी उन्हे रद्द किया जावेगा तथा बोलीदाता द्वारा क्रय आदेश में <u>निर्धारित सप्लाई अवधि</u> में ही स्वयं की लागत पर उन्हे बदला जावेगा ।

(vii) यदि रद्द किये गये सामान को जनहित/सरकारी कार्य की तात्कालिक आवश्यकता के कारण पूर्ण या आंशिक रूप से बदलना साध्य (Feasible) नही समझा जावे तो विभागीय क्रय समिति बोलीदाता को सुनवाई का एक उचित अवसर देकर तथा कारणों को अभिलिखित करके, अनुमोदित दरों में से उपयुक्त राशि की कटोती कर सकेंगें। इस प्रकार की गई कटौती अंतिम होगी ।

(viii) आपूर्ति किया गया माल/आईटम निर्धारित स्पेसिफिकेशन अथवा वांछित गुणवत्ता का नहीं पाये जाने पर बोलीदाता के विरूद्व विभाग आपराधिक एवं दीवानी कार्यवाही करने के लिए सक्षम होगा।

13. **<u>सैम्पल</u>** :–

(i) वस्तुओं के सैम्पल्स, विभागीय उपापन समिति चाहेगी तो किसी भी राजकीय/मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से टेस्ट करवा सकेगी। इस संबंध में विभागीय उपापन समिति द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा। यदि सैम्पल्स की जॉच कराई जाती है तो टेस्टिंग पर होने वाला व्यय बोलीदाता द्वारा वहन किया जावेगा। सैम्पल्स की टेस्टिंग के उपरान्त टेस्ट पर हुए व्यय की राशि बोलीदाता द्वारा जमा कराई जावेगी। यदि कोई

RajKaj Ref
7789930

Signature valid

Digitally signed by Vikram Singh Karnawat
Designation : Inspector General
Date: 2024.06.21 14:26:39 IST
Reason: Approved

बोलीदाता टेस्टिंग चार्जेज की राशि जमा नहीं कराता है तो बोलीदाता की जमा बोली प्रतिभूति में से टेस्टिंग चार्जेज की राशि काट ली जावेगी।

(ii) प्रत्येक सैम्पल पर बोलीदाता द्वारा सैम्पल का विवरण उपयुक्त रूप से सैम्पल पर लिखकर या सैम्पल के साथ स्लिप पर सैम्पल का विवरण लिखकर सुरक्षित ढंग से बांधकर प्रस्तुत करना होगा तथा बोलीदाता का नाम व आईटम की क्रम संख्या भी अंकित करनी होगी।

(iii) अनुमोदित सैम्पल को संविदा समाप्त होने के बाद 6 माह तक की अवधि या गारण्टी अवधि तक जो बाद में हो, निःशुल्क विभाग में रखा जावेगा। विभाग के पास रही अवधि के दौरान सैम्पल में किसी प्रकार की क्षति, टूट, फूट, परीक्षण जांच आदि के दौरान हानि के लिए सरकार उत्तरदायी नही होगी।

(iv) निर्धारित अवधि की समाप्ति पर बोलीदाता द्वारा नमूना/नमूनों को वापिस लिया जावेगा। विभाग द्वारा सैम्पल को लौटाने के संबंध में किसी भी प्रकार की व्यवस्था नही की जावेगी। संविदा समाप्ति के पश्चात यदि 6 से 9 माह की अवधि के भीतर या गारण्टी अवधि की समाप्ति के तीन माह के भीतर (जो बाद में हो) बोलीदाता द्वारा सैम्पल प्राप्त नही किये जाते है तो विभाग द्वारा इनका समपहरण (Forfeiture) कर लिया जावेगा तथा उनकी लागत आदि के लिए कोई क्लेम स्वीकार नही किया जावेगा।

(v) असफल बोलीदाताओं द्वारा अनुमोदित नही किये गऐ सैम्पल एवं बोली प्रतिभूति, विभागीय सूचना के एक माह के भीतर प्राप्त कर लिये जावेंगे। विभाग के पास रहे इन सैम्पल में किसी प्रकार की क्षति, टूट–फूट, या परीक्षण, जांच आदि के दौरान हानि के लिए सरकार या विभाग उत्तरदायी नही होगा। जो सैम्पल निर्धारित अवधि में वापिस नही लिये जावेगे उनका समपहरण (Forfeiture) किया जावेगा तथा उसकी लागत आदि के लिए कोई दावा स्वीकार नही किया जावेगा।

14. **<u>माल की सप्लाई</u>** :–

(i) बोलीदाता सप्लाई के समय माल की उचित पैकिंग करने के लिए उत्तरदायी होगा ताकि समुद्र, रेल, सडक या वायुयान द्वारा परिवहन की सामान्य स्थिति मे उनमे कोई क्षति न हो तथा गन्तव्य स्थल पर माल की सुपुर्दगी अच्छी दशा में प्राप्त हो सके। माल प्राप्तकर्ता द्वारा प्राप्त सामग्रियों की जांच, निरीक्षण किये जाने पर माल में पाई गई किसी प्रकार की हानि, क्षति, टूटफूट या रिसाव (Leakage) या किसी कमी के होने के मामले मे हुई हानि एंव कमी की पूर्ति के लिए बोलीदाता उतरदायी होगा। इसके लिए कोई अतिरिक्त लागत स्वीकार नही की जाएगी।

(ii) यदि बोलीदाता द्वारा माल की सप्लाई निर्धारित मानदण्ड एवं स्पेसीफिकेशन के अनुसार नही की जाती है, तो बोलीदाता को सुनवाई का एक युक्तियुक्त अवसर देने के बाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी भी समय संविदा को निराकृत करने के कारणों को अभिलिखित करते हुए संविदा को निराकृत (Repudiate) कर सकते है।

(iii) बोलीदाता <u>द्वारा समस्त माल रेल्वे या गुडस ट्रान्सपोर्ट के जरिये</u> भाडा एवं अन्य प्रभार आदि चुका कर FOR जयपुर मुख्यालय भेजा जाऐगा ।

15. बोलीदाता या उसके प्रतिनिधि की और से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपना पक्ष समर्थन कराना एक प्रकार की अनर्हता (Disqualification) होगी।

**16. <u>सुपुर्दगी अवधि</u> (Delivery Period)**

(i) जिस बोलीदाता की बोली स्वीकार की जाऐगी वह निर्धारित सप्लाई अवधि में माल की सप्लाई करेगा। सप्लाई अवधि, विभाग द्वारा जारी सप्लाई आदेश की दिनांक से शुरू होगी।

(ii) फर्म निर्धारित समयावधि में निर्धारित मात्रा के अनुसार आपूर्ति करने में असफल रहती है तो प्रकरण उपापन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा । यदि फर्म निर्धारित समयावधि में आंशिक सामान सप्लाई नहीं करती है तथा अवधि पूर्ण होने से पूर्व ही सप्लाई अवधि बढवाना चाहती है तो उसे उन बाधाओं का उल्लेख करते हुए, जिनके कारण सप्लाई अवधि बढवाई जा रही है, लिखित में आवेदन करना होगा। गुणावगुण के आधार पर घटित बाधाओं से संतुष्ट होने पर उपापन संस्था द्वारा सप्लाई अवधि बढाने या नहीं बढाने का निर्णय लिया जावेगा।

RajKaj Ref
7789930

Signature valid
Digitally signed by Vikram Singh Karnawat
Designation : Inspector General
Date: 2024.06.21 14:26:39 IST
Reason: Approved

**17. माल (Goods) एवं सेवाओं (Services) के परिमाण (मात्रा) वृद्धि एवं पुनरादेश (Repeat Order)**

